## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा का किया आयोजन

# सत्य, अहिंसा, त्याग और सर्वधर्म समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देशभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और सादगी के साथ मनाई गई। इसी क्रम में करनाल में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन तथा जिला कांग्रेस कमेटी शहरी व ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, त्याग और सर्वधर्म समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा चरखा कातते हुए स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और श्रम के सम्मान का संदेश भी दिया गया, जो गांधी जी के विचारों की जीवंत झलक प्रस्तुत करता है।

■ गांधी का देश की आज़ादी में योगदान अविस्मरणीय : गाबा

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का देश की आज़ादी में योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अहिंसा के बल पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कई बड़े आंदोलन चलाकर देश को स्वतंत्रता की राह पर अग्रसर किया।





करनाल। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के दौरान कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो आज भी समाज को दिशा दिखाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति, भाईचारा और समानता कायम की जा सकती है। डॉ. पंवार ने कार्यकर्ताओं से गांधी जी के आदर्शों को अपने व्यवहार में उतारने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय व विकास पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने देश में अमन-चैन, सामाजिक सौहार्द और एकता की कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने अपने विचार रखे और महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने के संकल्प लिया। इस अवसर पर पराग गाबा, नाहर सिंह संधू, निश्चय सोई, ललित कुमार, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया इंचार्ज दीपक महाजन (संदीप), बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, अशोक दुग्गल, सुरेश चौधरी, प्रवीन पूनिया, सुरेंद्र नंबरदार, भारत ढिल्लों, जितेंद्र पांचाल, रमेश जोगी, गुरमीत सिंह, पृथ्वी भाट, अनिल शर्मा, नवजोत कश्यप, जसबीर पन्नू, ललित अरोड़ा, श्रवण कुमार, संजय चौहान, मधुराय कालड़ा, संदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

करनाल। गुरु नानक खालसा कालेज करनाल में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह के नेतृत्व में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने प्रातः ग्यारह बजे कालेज प्रांगण में एकत्र होकर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि आज हम जो स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं, वह अमर बलिदानियों की देन है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेना चाहिए।



करनाल। मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 2 मिनट का रखा मौन

करनाल। भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में लघु सचिवालय में शुक्रवार को जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सत्यवान महिवाल की अध्यक्षता में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण किया गया। बता दें कि सरकार के आदेशानुसार भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में कार्यालयों में मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सहायक सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी रघुबीर गागट, अधीक्षक रानी, लेखाकार सुशील, आईसीए अविशेष, बीपीडब्ल्यू सतपाल शर्मा व मनोज कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर कृष्ण शर्मा, चालक विजय शर्मा व अनिल कुमार, सेवादार विजय कुमार, निधि, पूनम रानी, दिनेश शर्मा प्रशिक्षु हरप्रीत सागवान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



करनाल। स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखते हुए। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। इंद्री में चल रही दो दिवसीय स्कूल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### 100 मीटर की दौड़ में नीलकमल प्रथम

## खेल हमें अनुशासित जीवन जीने की सिखाते हैं कला : डॉ. मंढान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में चल रही दो दिवसीय स्कूल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन प्रिंसिपल डॉ. करनैल चंद की अध्यक्षता में हो गया। प्रतियोगिता मे मुख्य रूप से पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए अनिवार्य हैं, जो न केवल शारीरिक शक्ति, चुस्ती और रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे सामाजिक गुण भी विकसित करते हैं। यह चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और अनुशासित जीवन जीने की कला सिखाते हैं, जो एक स्वस्थ और सफल राष्ट्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रिंसिपल डॉ. करनैल चंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित खेल कूद से शरीर मजबूत और फुर्तीला बनता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हृदय रोग, मोटापा, व मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव होता है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि खेल मानसिक तनाव कम करते हैं, एकाग्रता बढ़ाते हैं और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास और करियर के साथ साथ खेल व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि खेलकूद को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

### ये रहे परिणाम

खेल प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए डीपी बलविंदर सिंह, अशोक कुमार, महिंद्र खेड़ा ने बताया कि कक्षा 9 से 12 के लडकों के लॉन्ग जंप में कुशाल ने पहले नंबर पर, आकाश दूसरे नंबर और गुरुदेव तीसरे नंबर पर रहा। शॉट पुट मुकाबले में कक्षा 9 व 12 मे प्रिंस ने पहला, पारस ने दूसरा तथा यीशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 की 100 मीटर दौड़ मुकाबले में नीलकमल ने पहले तथा 200 मीटर में समर ने पहला व वंश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, कक्षा प्रबंधन से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया

■ प्रताप पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई के अंतर्गत दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय प्राथमिक गणित रहा, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण पद्धतियों को और अधिक प्रभावी बनाना, गणितीय अवधारणाओं को सुदृढ़ करना तथा कक्षा शिक्षण को रोचक एवं छात्र-केंद्रित बनाना था। कार्यक्रम में सीबीएसई संसाधन व्यक्ति रीमा मग्गो वर्मा एवं दुर्गेश शर्मा ने शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, व्यावहारिक गतिविधियों एवं कक्षा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चेयरमैन हनी चौधरी एवं निर्देशिका पिथी चौधरी ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास पर बल दिया। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### ज्वेलर्स के शोरूम में लूट का मामला

## तरावड़ी में गन पॉइंट पर लूट की वारदात में शामिल आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जिला पुलिस करनाल द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाते हुए सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गन पॉइंट पर लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास उर्फ नोनी पुत्र बलराज, निवासी क्योडक़, जिला कैथल के रूप में हुई है। इस संबंध में डीएसपी राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता को बताया कि 30 दिसंबर 2025 को रात्रि लगभग 8 बजे करनाली गेट स्थित मुंशी राम ज्वेलर्स की दुकान पर दो अज्ञात युवकों ने दुकान मालिक को गन पॉइंट पर धमकाकर गल्ले से लगभग 1 से 1.25 लाख रुपये की नकदी लूट ली तथा मौके से फरार हो गए थे।



विकास उर्फ नोनी पुत्र बलराज पुलिस की गिरफ्त में।

## नशा मुक्ति व बाल विवाह रोकथाम को लेकर जन-जागरूकता रैली निकाली

■ शहीद उधम सिंह वमा विद्यालय में किया जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में समाज को जागरूक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, नशा मुक्ति तथा बाल विवाह रोकथाम को लेकर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, एवं सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा उन्हें स्वदेशी वस्तुओं के महत्व से अवगत कराना रहा। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे दैनिक जीवन में खादी वस्त्र, स्वदेशी स्टेशनरी, घरेलू उत्पाद तथा भारतीय निर्मित वस्तुओं को अपनाएं। इस से स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलता है।




इंद्री। शहीद उधम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में जन-जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जिला स्तरीय कला प्रतियोगिता करवाई

करनाल। नगर निगम करनाल एवं सेंट कबीर पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर महाराजा अग्रसेन भवन में जिला स्तरीय कला उद्भव प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के पैंतीस विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के लिए चुनौतीपूर्ण थी। प्रतियोगिता में अपोलो इंटरनेशनल स्कूल की टीम प्रथम रही, जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल और दयाल सिंह पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। असंध स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## श्री राम चरित मानस स्कूल के वार्षिक उत्सव में पहुंचे भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली

■ सामूहिक रूप से योग के कठिन आसनों का प्रदर्शन कर छात्रों ने स्वस्थ रहने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम चरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने शिरकत की। कार्यक्रम स्कूल निदेशक संदीप गौतम की देखरेख में हुआ। दीप प्रज्जवलित व सरस्वती वंदना के साथ उत्सव का आगाज किया गया। बच्चों ने धार्मिक, देशभक्ति व सामाजिक विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। सामुहिक रूप से योग के कठिन आसनों का प्रदर्शन कर छात्रों ने स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जीवन में स्कूल से जो संस्कार मिलते हैं उसके माध्यम से समाज में सेवा करने का अवसर मिलता है। स्कूल में स्थापित श्री राम मंदिर में दर्शनों के बाद मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सनातन संस्कृति और पूजा पद्धति के जरिए बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा दी जा रही है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन और सभी अभिभावक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है।



करनाल। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली।

## नशीली गोलियां बेचने का आरोपी गिरफ्तार

करनाल। पुलिस की सीआईए-2 टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नशीली गोलियां बेचने के मामले में एक आरोपी को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने आरोपी नरेश कुमार निवासी गांव कमालपुर, थाना बुटाना, जिला करनाल को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1200 अल्प्राजोलम नशीली गोलियां बरामद की गईं, जिनका कुल वजन 192 ग्राम पाया गया। डीएसपी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस टीम ने आरोपी को गांव कमालपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना बुटाना, करनाल में मामला दर्ज किया गया है।

### खबर संक्षेप

## पोक्सो एक्ट तथा सर्वाइकल कैंसर विषय पर सेमिनार का आयोजन

करनाल। भारत विकास परिषद माधव शाखा की ओर से नारायणा ई-टेक्नो स्कूल करनाल में पोक्सो एक्ट तथा सर्वाइकल कैंसर विषय पर सेमिनार लगाया गया। माधव शाखा की महिला सहभागिता सुजाता गुप्ता की देखरेख में यह सफल आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सोनम गर्ग सचदेवा ने स्टूडेंट्स को कम उम्र में सर्वाइकल और दूसरे कैंसर के लिए वैक्सीनेशन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को सेक्शुअल अब्यूज़ की रिपोर्ट करने में डरना नहीं चाहिए। चाहे वह बैड टच हो, बोलकर, वीडियो या मैसेज से, लेकिन उन्हें पेरेंट्स के साथ-साथ टीचर या प्रिंसिपल को भी रिपोर्ट करना चाहिए। सुजाता गुप्ता ने पोक्सो एक्ट और सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन की ज़रूरत पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य बच्चों को गुड टच और बैड टच में अंतर समझाना और

## युवा वर्ग रक्तदाता दिनेश बक्शी से प्रेरणा लेकर करें रक्तदान, बनें पुण्य के भागी : संजय वर्मा

करनाल। लक्ष्य जनहित सोसायटी के संस्थापक एवं प्रसिद्ध रक्तदाता दिनेश बक्शी ने मां वैष्णो सेवा समिति, नीलोखेड़ी में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 138वीं बार रक्तदान कर एक बार फिर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया। इस रक्तदान शिविर में सिविल अस्पताल करनाल एवं लक्ष्य चेरिटेबल ब्लड सेंटर की टीमों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। सिविल अस्पताल से पहुंचे ब्लड बैंक इंचार्ज संजय वर्मा ने कहा कि दिनेश बक्शी करनाल की शान हैं। वे न केवल डबल सेंचुरियन रक्तदाता हैं, बल्कि सिंगल डोनर प्लेटलेट्स में भी शतकवीर हैं। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश बक्शी ने कहा कि वे शुद्ध शाकाहारी हैं और किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते। उन्होंने कहा कि अगर कोई नशा करता हू तो वह सिर्फ रक्तदान का है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं को लोकतांत्रिक दायित्व का संदेश

करनाल। मेरा युवा भारत करनाल एवं जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत करनाल की उपनिदेशक सुरमयी शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान माय भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल ने युवाओं को मतदान की शपथ दिलाई। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्रोफेसर सुषमा ने युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और बिना मतदान के लोकतंत्र अधूरा है। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को यह शपथ दिलाई गई कि वे जाति, धर्म, क्षेत्र अथवा किसी भी प्रकार

## पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

करनाल। सकल हिंदू समाज एवं श्री सनातन धर्म मंदिर सभा करनाल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर, कुंजपुरा रोड करनाल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सायं साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम संयोजक विनीत खेड़ा ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन "पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण" की भावना को लेकर किया जा रहा है। इसमें ग्यारह हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन होगा, जिसके पश्चात संतों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली तथा नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी

करनाल। श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा, पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पंद्रह फरवरी को शहर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ रामलीला मैदान से होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर सर्राफा बाजार में संपन्न होगी। मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। शुक्रवार को प्रभातफेरी सेक्टर तेरह पहुंची, जहां गीता मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों से भगवान शिव की आराधना की गई।

### एनकार्ड जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों ने साझा की प्रगति रिपोर्ट

# स्कूली बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए सख्त निगरानी रखने के निर्देश

रिकॉर्ड में खामियां पाए जाने पर बारह दवा दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एनकार्ड अर्थात नारको समन्वय केंद्र की जिला स्तरीय बैठक जिला सचिवालय स्थित सम्मेलन कक्ष में नगराधीश मोनिका की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में नगराधीश ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों को नशे की लत से दूर रखने के लिए सतत निगरानी और प्रभावी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विद्यालयों में प्रहरी क्लब गठित किए गए हैं, जिनमें शिक्षकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही प्रार्थना सभाओं में भी नशे के दुष्परिणामों पर नियमित जानकारी दी जा रही है। औषधि नियंत्रक विभाग के निरीक्षक विकास राठी ने बताया कि दिसंबर दो हजार पच्चीस में जिले की एक सौ सोलह दवा दुकानों की जांच की गई। रिकॉर्ड में खामियां पाए जाने पर बारह केमिस्ट दुकानों को नोटिस जारी किए गए तथा पिंगली चौक स्थित एक दुकान को सील किया गया।



करनाल। जिला सचिवालय में एनकार्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### ये रहे उपस्थित

बताया गया कि नशा मुक्ति केंद्रों की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। जिले में वर्तमान में एक सरकारी और पांच निजी नशा मुक्ति केंद्र संचालित हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में पुनः जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। बैठक में उच्चतर शिक्षा विभाग से हरपाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, औषधि निरीक्षक विकास राठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्रिंस कंबोज, नेहरू युवा केंद्र से पंकज गौर, सहायक जिला अधिवक्ता जतिन सहरावत, कृषि विभाग से सुनील, रेड क्रॉस से प्रदीप कुमार तथा उप सिविल सर्जन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### यौन उत्पीड़न के विरुद्ध मार्गदर्शन किया

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में यौन उत्पीड़न समिति एवं ब्रेकथ्रू गैर सरकारी संस्था के तत्वावधान में यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक बनाना तथा कानून अधिकारों के प्रति सचेत करना है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. कनक, डॉ. जोगेश, डॉ. प्रवीण, डॉ रेखा शर्मा, डॉ. निर्मला, डॉ. पूनम, डॉ. नेहा पूनिया, प्रो. संगीता, प्रो. दीप्ति, डॉ. पूजा, डॉ. रेखा उपस्थित रहे।

### विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत की वाल्मीकि बस्ती निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने उसके चंडीगढ निवासी पति, ससुर, सास, ननद, देवर और बिचौलिये के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज किया है। इधर, पुलिस ने बताया कि विवाहिता की शिकायत शुरू कर दी गई है। वहीं, आरोपियों को नोटिस जारी कर थाने में पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा, पुलिस की जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़े

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने विकास नगर निवासी रोहताश, इसकी पत्नी आशा, पुत्र सन्नी पर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों राजू व शत्रुघन निवासी निवासी गांव सालवन जिला करनाल, अमन निवासी गोहाना, तीनों आरोपी विकास नगर में ही निवास कर रहे है। इस मामे में घायल आशा की शिकायत पर गत वर्ष बीस अक्टूबर को केस दर्ज है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** जिला पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। वहीं, पुलिस टीम ने शुक्रवार को अहर गांव में राजकीय स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। वहीं, विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया और नशा न करने की शपथ दिलाई।

### पुलिस टीम ने कातिलाना हमलावर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव अहर से पानीपत रोड पर बाइक सवार युवक सत्यवान पर जानलेवा हमला करने के और दो आरोपियों अंकित निवासी गांव नाहरी जिला सोनीपत व प्रिंस निवासी गांव कुतबगढ, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन के थानेदार फूल कुमार ने बताया कि थाना इसराना में अहर गांव निवासी सत्यवान पुत्र केहरी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शहीदों की शाहदत पर संगोष्ठी का आयोजन

**पानीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन में वीर शहीदों की शाहदत पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. मनोज रावल प्रो.मिरांडा हाउस, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने छात्राओं को देश प्रेम व भक्ति के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्या रेनु रूहल, रमेश आर्य, प्रमोद आर्य, ओमपाल आर्य, सुमन कुंडू, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं ने देश भक्ति के गीत गाए।

### शिकायतों का तत्काल हो हल : चौधरी

**पानीपत।** समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार, सेंट्रल कमिटी ऑफ एग्जामिनेशन के सचिव मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन सेल सी जी राजिनी कांतन ने की। बैठक के बाद समीक्षा बैठक में पानीपत नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने अधिकारियों से समाधान शिविर में दर्ज शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## पानीपत में 100 प्रशिक्षित महिलाएं चलाएगी पिंक ऑटो रिक्शा

# पानीपत को बनाया जा रहा है ट्रैफिक जाम मुक्त शहर : विज

*पानीपत को सुरक्षित, व्यवस्थित और आदर्श शहर बनाने के लिए सभी उपाय समय पर और कड़े तरीके से लागू होंगे*




**पानीपत।** विकास को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक प्रमोद विज। *फोटो : हरिभूमि*

**2** एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कटों और सड़क की खराब स्थिति को समयबद्ध सुधारना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को जिला रोड सेफ्टी कमेटी और सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की अहम बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक सुधार और दुर्घटना रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहरवासियों की समस्याओं का समाधान उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को फ्लाई आवर पर बैरियर का कार्य अति शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। बैठक में जीटी रोड व अन्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, चौड़ीकरण और फ्लाईओवर पर आरसीसी बैरियर का निर्माण करने, रिफाइनरी रोड और बरसात रोड पर सड़क मरम्मत, जलभराव खत्म करने ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा के लिए स्टैंड बनाने, अवैध पार्किंग हटाना, पेड़-पौधों की छंटाई और फुटपाथ सुधार के भी निर्णय लिए गए। जबकि सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का कड़ाई से पालन करने व महिलाओं के लिए 100 पिंक ऑटो सेवा शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। इधर, डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि पानीपत को सुरक्षित, व्यवस्थित और आदर्श शहर बनाने के लिए सभी उपाय समय पर और कड़े तरीके से लागू होंगे। इधर, एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कटों और सड़क की खराब स्थिति को समयबद्ध सुधारना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## गांधी स्मारक निधि में बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# बापू के सपनों को साकार करें युवा: रावत

- गांधी जी के लिए त्यागी संघर्षशील व प्रेरणादायक जीवन की विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बलिदान दिवस के अवसर पर गांधी स्मारक निधि, गांव पट्टीकल्याणा में आश्रम परिसर में स्मृति सभा हुइ। वहीं, सभी अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पानीपत की न्यासी हेमलता रावत ने गांधी जी के लिए त्यागी, संघर्षशील व प्रेरणादायक जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से बापू के सपनों को साकार करने की अपील की। इस अवसर पर आनंद कुमार शरण, अजय कुमार, किरण शरण, सुनीता शर्मा, रोशन लाल, गिरिराज, योगेंद्र यादव, प्रसन्न कुमार, संजय पटेल, राहुल, राकेश कौशिक, बिमलेश, मीना, सोना, रिंकों, स्वास्थ्य लाभ के लिए आए साधक-साधिकाओं एवं गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।



**समालखा।** गांधी स्मारक निधि में बापू की याद में भाजन गाते हुए गांधीवादी व विद्यार्थी।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की

**पानीपत।** डीटीपी इन्फोर्समेंट सुमित मलिक ने बताया कि गांव मनाना, गढ़ी छज्जू, पावती, जौरासी सरफ खास, खेड़ी नांगल और सिवाह, तहसील समालखा और पानीपत की राजस्व संपत्तियों में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। वहीं, अभियान के दौरान आठ अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई।

### रेडक्रॉस का निरीक्षण किया

**पानीपत।** एसडीएम मनदीप कुमार ने जिला रेडक्रास सोसाइटी, पानीपत का औचक निरीक्षण किया और गतिविधियों बारे जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 150 युवक-युवक को समाज सेवा व नशे से दूर रहने बारे जागरूक करते हुए शपथ दिलवाई। हरमेश चन्द, जसमेर, अमित, सुनिल व प्रवक्तागण कला भारद्वाज, सोनिया, इत्यादि मौजूद रहें।

### सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया

**पानीपत।** यूजीसी संघर्ष समिति की बैठक राजपूत धर्मशाला, संत नगर में हुई। जिसमें सर्व समाज एकता मंच के प्रधान राम रतन शर्मा, सियाराम शर्मा और अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल राणा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राणा ने देश की निष्पक्ष न्यायपालिका सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। इस अवसर पर अमित शर्मा उपमन्यु, बलवान जोशी, अमित आजाद, सुरेंद्र ध्यान आदि मौजूद रहे।

# गांधी जी चाहते थे कि समाज की रचना सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर हो : निर्मोही

- गांधी किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि एक विचार, सिद्धांत और जीवन प्रणाली का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

खादी आश्रम में पानीपत नागरिक मंच के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं शहीदी दिवस पर बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। सभा की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाज सेवी दीपचंद निर्मोही ने की तथा संचालन विद्या भारती मॉडर्न स्कूल की अध्यापिका शालिनी ने किया। इधर, खादी आश्रम पानीपत एवं नागरिक मंच की अध्यक्षा निर्मल दत्त ने कहा कि गांधी जी ने कहा था भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उन्होंने अपने सपनों के भारत में गांव के विकास को प्रमुखता प्रदान कर के उससे देश की उन्नति की बात कही थी। समाजसेवी दीपचंद निर्मोही ने कहा कि गांधी किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि एक विचार, सिद्धांत और जीवन प्रणाली का नाम है। गांधी जी चाहते थे कि हमारे समाज की रचना सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर हो। मुकेश कुमार शर्मा सचिव खादी आश्रम पानीपत ने कहा कि महात्मा गांधी एक युगपुरूष थे। इस अवसर पर विद्या भारती मॉडर्न स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी, गांधीवादी खादी कार्यकर्ता, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** खादी आश्रम, पानीपत में बापू की याद में चरखे पर सूत कातते हुए।

### सूर्य नमस्कार किया

**पानीपत।** आईटीआई पानीपत और आईटीआई बराना में सूर्यनमस्कार प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया। योगाभ्यास का सत्र योग कोऑर्डिनेटर डॉ.नितिन और नीलिमा योग विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग सहायक संदीप, गुलशन, प्रवीण, ज्योति व योग इंस्ट्रक्टर आशीष ने सभी प्रतिभागियों को विधिवत रूप से सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया तथा योग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया।

### देशव्यापी हड़ताल 12 को

**पानीपत।** इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन संबंधित सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन के नेतृत्व में 12 फरवरी को श्रम अधिकारों की रक्षा के लिए, कॉर्पोरेट तानाशाही के विरोध में मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करवाने, न्यूनतम वेतन मासिक तीस हजार लागू करने व स्थाई रोजगार की मांग को लेकर होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारी में पानीपत इंडस्ट्रीयल एरिया कबड्डी रोड कच्चा कैंप में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सुनील दत्त, जय भगवान, नवीन सपरा आदि उपस्थित रहे।

# यूजीसी कानून को रद्द करने की मांग

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया व आभार जताया



**पानीपत।** ब्राहमण समाज के पदाधिकारी यूजीसी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*


हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

यूजीसी को लेकर शुक्रवार को जिले के ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक राजनगर स्थित भगवान श्री परशुराम धर्मशाला में हुई। बैठक में ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम ने यूजीसी पर रोक लगाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया एवं कोर्ट का आभार जताया। जबकि जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा हलदाना ने सरकार से यूजीसी कानून को रद्द किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे देश में सामाजिक भाईचारा खराब होगा। अब तक सभी जातियों के बच्चे शिक्षण संस्थान में आपस में प्यार प्रेम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ऐसे में यूजीसी कानून उनकी शिक्षा में व्यवाधान पैदा करने के साथ-साथ दोस्तियां कम करने का भी काम करेगा। इसलिए इस कानून का रद्द किया जाना स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के लिए बेहद आवश्यक है।

**बैठक में ये मौजूद रहे**

बैठक में नरेश शर्मा, रामनिवास गवालड़ा, सतबीर शर्मा, मोहन शर्मा, मोहन शर्मा, बालकिशन शर्मा, राजेंद्र शर्मा कुराना, रामनिवास शर्मा सरपंच हलदाना, शिव कुमार शर्मा सरपंच, बिल्लू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सेवा सुरक्षा विधेयक पर देरी शिक्षा मंत्री से मिले टीचर्स



हरियाणा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन देते हुए हुकटा के प्रतिनिधि।

- रिमाइंडर द्वारा लंबित सूचना समयबद्ध उपलब्ध कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षामंत्री आवास पर मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत 1400 अनुबंधित शिक्षकों के लिए आगामी बजट सत्र में सेवा, सुरक्षा विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु रिमाइंडर द्वारा लंबित सूचना समयबद्ध उपलब्ध कराने की मांग की। हुकटा के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे डॉ.विजय मलिक व डॉ.अमित मलिक ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, कौशल, आयुष, खेल, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों के अधीन आने वाले विश्वविद्यालयों को आवश्यक जानकारी शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए जाएं ताकि बजट सत्र में विधेयक को सदन के पटल पर रखा जा सके। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतिनिधिमंडल को उपरोक्त मामलों में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# बापू ने दुनिया को दिया था अमन का पैगाम



**पानीपत।** महात्मा गांधी को नमन करते हुए गांधीवादी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गांधी ग्लोबल फैमिली के आह्वान पर निर्मला देशपांडे संस्थान में शहादत दिवस पर महात्मा गांधी की भावभीनी श्रद्धांजलि दी।, श्रद्धांजलि सभा के मुख्य वक्ता आर्य कॉलेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ.विजय सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे। व्यक्ति की हत्या की जा सकती है, वहीं, विचारों की हत्या कभी नहीं हो सकती। गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राम मोहन राय तथा माता सीता रानी सेवा संस्था की महासचिव पूजा सैनी ने भी महात्मा गांधी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कौमी एकता मंच के संयोजक संजय कुमार, गांधी ग्लोबल फैमिली के स्थानीय सचिव प्रदीप बंसल, काजल, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकार समिति के सदस्य रवि कुमार आदि ने भी अपने विचारों से महात्मा गांधी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बापू ने दुनिया को अमन का पैगाम दिया।

# मास्टर मोतीराम गुप्ता की आंखें दान की



**पानीपत।** मोतीराम के परिजनों के प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

समालखा के वैश्य स्कूल में हजारों बच्चों को शिक्षित कर चुके मास्टर मोतीराम गुप्ता का निधन हो गया। इधर, परिजनों ने मोतीराम गुप्ता की इच्छा को पूरा करते हुए उनके बेटे गौरी शंकर गुप्ता, बेटी रीना गुप्ता, पुत्रवधू रीता गुप्ता, मास्टर सुरेश गुप्ता उनकी दोनों आंखें दान कर दी। इस अवसर पर जन सेवा दल समालखा के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा, जन सेवा दल पानीपत से चमन लाल गुलाटी, कमल मनचंदा, पंकज अरोड़ा, भारत विकास परिषद समालखा के सेवा संयोजक रवि सचदेवा आदि उपस्थित रहे और उन्होंने दुखी परिवार का ढांढस बांधा उन्हें नेत्रदान का प्रमाण पत्र भेंट किया।

# बाल विवाह मुक्ति रथ का शुभारंभ



**पानीपत।** बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ लेते हुए पुलिस व विद्यार्थी, आदि। *फोटो : हरिभूमि*

- पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में नागरिकों को बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सचिव वर्षा शर्मा ने जिला न्यायालय पानीपत से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने रथ के हस्ताक्षर बोर्ड पर शुभकामना संदेश लिखकर अपने हस्ताक्षर करते हुए कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, साथ ही यह बच्चों के अधिकारों पर गंभीर कुठाराघात भी है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अंतर्गत गठित आशा युनिट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और बाल विवाह पीड़ितों को कानूनी व अन्य सहायता प्रदान की जा रही है। इधर, जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल विवाह के विरूद्ध शहरी व ग्रामीण जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा है। जबकि रथ के माध्यम से समाज के हर वर्ग का बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया जाएगा।

## भारत की आत्मा है शहीदों का बलिदान : डॉ. वीरेंद्र

# पानीपत के सभी क्षेत्रों में आम से लेकर खास ने मौन रख कर शहीदों को नमन किया

- तीस जनवरी का दिन राष्ट्र के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

शहीदी दिवस पर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं आदि में देश के शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि तीस जनवरी का दिन राष्ट्र के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है। यह दिन हमें देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले समस्त शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। दो मिनट का मौन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का क्षण है, जिसमें हम यह संकल्प लेते हैं कि शहीदों के सपनों के भारत को सशक्त, शांतिपूर्ण और एकजुट बनाएंगे। शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है और उनके आदर्श हमें सत्य, अहिंसा, देश प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।



**पानीपत।** देश सेवा का संकल्प लेते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

